कौशल विकासन्नवाचार को विवि के साथ आया भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान

कानपुर (एसएनबी)। छात्रों के कौशल ज्ञान के साथ ही नवाचार-उद्यमिता विकास के लिए सीएसजेएमयू व भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, गांधीनगर ने सहयोग को लेकर आपस में हाथ मिलाया है। इस संदर्भ में एक एमओयू शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीवेन पटेल की उपस्थिति में हस्ताक्षरित किये गये। एमओयू पर विवि कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक व उद्यमिता विकास संस्थान के डायरेक्टर जनरल डॉ. सुनील शुक्ला ने हस्ताक्षर किये। एमओयू के तहत विवि में फैकल्टी डेवलपमेंट सहित अन्य कार्यक्रम ऑन/ऑफलाइन में संचालित किये जायेंगे। पाठ्यक्रम को विवि परिसर के साथ ही संवद्ध कॉलेजों के शिक्षकों-प्रशिक्षकों को लक्ष्य कर डिजाइन किया गया है। विजनेस सिमुलेशन प्रोजेक्ट वेस्ड लर्निंग में भी प्रतिभागियों को मदद की जायेगी। एमओयू हस्ताक्षरित किये जाने के मौके पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता व विशेष कार्याधिकारी पंकज जानी तथा विवि के कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव, प्रो.सुविज्ञ अवस्थी व डॉ.शिल्पा कायस्थ उपस्थित रहीं।